# ICSE 2023 EXAMINATION
# SPECIMEN QUESTION PAPER
## HINDI
## (SECOND LANGUAGE)

*Maximum Marks: 80*

*Time allowed: Three hours*

*Answers to this Paper must be written on the paper provided separately.*

*You will not be allowed to write during the first 15 minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

*The time given at the head of this Paper is the time allowed for writing the answers.*

***Section A** is compulsory – **All** questions in **Section A** must be answered.*

*Attempt **any four** questions from **Sections B**, answering at least one question each from the two books you have studied and **any two** questions from the same books you have studied.*

*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

## SECTION A

*(Attempt **all** questions from this Section.)*

**Question 1**

Write a short composition in **Hindi** of approximately **250** words on any one of the following topics: [15]

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए:

(i) जीवन में खेलकूद मनोरंजन प्रदान करने के साथ-साथ सुख समृद्धि भी देते हैं। विद्यार्थी जीवन में इसकी उपयोगिता बहुत अधिक है। अपने किसी प्रिय खेल का वर्णन करें तथा यह खेल भविष्य में आपको कैसे लाभान्वित कर सकता है, निबंध में अपनी भविष्य की योजनाएं भी बताइए।

(ii) 'परोपकार की भावना लोक-कल्याण से पूर्ण होती है।' हमें भी परोपकार से भरा जीवन ही जीना चाहिए। विषय को स्पष्ट करते हुए अपने विचार लिखिए।

(iii) 'स्वच्छता अभियान में सरकारी तंत्र की अपेक्षा नागरिकों की जागरूकता अधिक प्रभावपूर्ण मानी जाती है' जनता के सहयोग से ही देश स्वच्छ सुन्दर बन सकता है, आप इस कथन से कहाँ तक सहमत हैं ? स्पष्ट करें।

(iv) एक मौलिक कहानी लिखो, जिसके अंत में **ये स्पष्ट** हो "जाको राखे साइयाँ। मार सके न कोय।"



Downloaded From www.icseboard.org

(v) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख, घटना अथवा कहानी लिखिए, जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिये।



### Question 2

Write a letter in Hindi in approximately **120** words on any **one** of the topics given below: [7]

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए:

(i) आपका छोटा भाई अपना अधिकांश समय मोबाइल फोन के उपयोग में बिताता है। मोबाइल फोन के अधिक उपयोग से होने वाली हानियों का उल्लेख करते हुए उसे पत्र लिखिए।

(ii) आपके क्षेत्र में मलेरिया तथा डेंगू का प्रकोप बढ़ गया है। इसकी रोकथाम के लिए नगर-निगम के अध्यक्ष को एक पत्र लिखिए।

### Question 3

Read the passage given below and answer in **Hindi** the questions that follow, using your own words as far as possible:

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए:

सन्त कबीर ने स्थान-स्थान पर जाकर पर्याप्त भ्रमण किया था। घुमक्कड़ होने के कारण ही उनकी भाषा में अरबी, फारसी, भोजपुरी, मगही, पंजाबी, राजस्थानी आदि अनेक भाषाओं के शब्द आ गये हैं। उनकी बोलचाल की अनगढ़ भाषा विविध आंचलिक शब्दों, उक्तियों तथा अपभ्रंश शब्दों से युक्त है। इसलिए आचार्य रामचन्द्र शुक्ल इसे सधुक्कड़ी भाषा कहकर पुकारते हैं। वैसे उनकी भाषा किसी प्रकार की हो, परन्तु उन्हें भाषा पर पूर्ण अधिकार था। वे जानते थे कि किस भाव को व्यक्त करने के लिए कौन-सा शब्द उपयुक्त

Downloaded From www.icseboard.org

होगा। यही कारण है कि भाषा चुपचाप उसी भाव को प्रकट करने लगती है। इसी ओर संकेत करते हुए आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने लिखा है—"भाषा पर कबीर का जबरदस्त अधिकार था। वे वाणी के डिक्टेटर थे। जिस बात को उन्होंने जिस रूप में प्रकट करना चाहा, उसे उसी रूप में भाषा से करवा दिया है — बन आया है तो सीधे-सीधे नहीं तो दविश देकर, भाषा कबीर के सामने कुछ लाचार सी नजर आती है। उसमें मानो हिम्मत नहीं है कि इस लापरवाह फक्कड़ को इन्कार कर सके। जैसी ताकत कबीर की भाषा में है, वैसी बहुत कम लेखकों में पायी जाती है। इस प्रकार बोलचाल की चलताऊ तथा विविध भाषाओं के शब्दों से युक्त तथा व्याकरण के बन्धनों से मुक्त भाषा के माध्यम से कबीर ने गम्भीर विषय का अत्यन्त सरल रूप प्रस्तुत किया है। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का कथन सत्य ही है। सच पूछा जाए तो आज तक हिन्दी में ऐसा जबदस्त व्यंग लेखक पैदा ही नहीं हुआ। उसकी साफ चोट करने वाली भाषा, बिना कहे भी सब कुछ कह देने वाली शैली अत्यन्त सही, किन्तु अत्यन्त तेज प्रकाशन अनन्य असाधारण है।

(i) कबीर का स्वभाव कैसा था और उसके कारण उन्हें क्या कहा जाता था ? [2]

(ii) कबीर की भाषा में कौन सी विशेषताएं पायी जाती हैं ? [2]

(iii) आचार्य शुक्ल ने कबीर की भाषा के विषय में क्या कहा है ? [2]

(iv) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी जी ने कबीर की भाषा के सम्बन्ध में क्या कहा है ? [2]

(v) कबीर की भाषा को मुक्त भाषा क्यों कहा गया है ? [2]

**Question 4**

Answer the following according to the instructions given: [8]

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए:

(i) 'निश्चेष्ट' का विलोम बताइए :

(a) सतर्क

(b) प्रवेष्ट

(c) सचेष्ट

(d) सजग

(ii) 'तालाब' का पर्यायवाची बताइए :

(a) सरि-सरिता

(b) सर-सरोवर

(c) तड़ाग-पराग

(d) पोखर-पाथर



Downloaded From www.icseboard.org

(iii) 'काला' की भाववाचक संज्ञा बताइए :

(a) काली

(b) कलिमा

(c) कलात्मक

(d) कालिमा

(iv) 'भारत' का विशेषण बताइए :

(a) भारतीयता

(b) भारतवर्ष

(c) भारती

(d) भारतीय

(v) 'अभिलासा' का शुद्ध रूप बताइए :

(a) अभिलासा

(b) अभलाषा

(c) अभीलाषा

(d) अभिलाषा

(vi) 'घी के दिये जलाना' मुहावरे का अर्थ बताइए :

(a) दिवाली मनाना

(b) पूजा-अर्चना करना

(c) खुशी मनाना

(d) बहुत प्रसन्न होना

(vii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :

धर्म का मानव मन पर प्रभाव पड़ता है। (वाक्य में 'प्रभावित' शब्द का प्रयोग कीजिए)

(a) धार्मिक मानव सबको प्रभावित करता है।

(b) धर्म मानव मन को प्रभावित करता है।

(c) मानव के मान को धर्म प्रभावित करता है।

(d) मन को प्रभावित करने वाला मानव धर्म है।

Downloaded From www.icseboard.org

(viii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :

रोम का राजा भीषणं–रोग से पीड़ित हो गया। (वाक्य में 'कर दिया' का प्रयोग कीजिए)

(a) रोम के राजा को भीषण रोग ने पीड़ित कर दिया।

(b) रोम के राजा को एक भीषण रोग ने पीड़ित कर दिया।

(c) रोम के राजा को एक भयानक रोग ने पीड़ित कर दिया।

(d) रोम के राजा को एक रोग ने भयानक पीड़ित कर दिया।

## SECTION B

*(Attempt four questions from this Section.)*

*(You must answer at least one question from each of the two books you have studied and any two other questions.)*

## साहित्य सागर-संक्षिप्त कहानियाँ

## (SAHITYA SAGAR–SHORT STORIES)

**Question 5**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :

'दोनों घंटों साथ बैठते, बातें करते'।

*['बात अठन्नी की'—सुदर्शन]*

*['Baat Athanni Ki'—Sudarshan]*

(i) 'दोनों' — शब्द से किस-किस की ओर संकेत हैं ? [2]

(ii) वे दोनों किस-किस के यहाँ काम करते थे ? [2]

(iii) वे दोनों जिन लोगों के यहां काम करते थे, उनमें कौन-सी बात समान थी ? [3]

(iv) किस घटना से स्पष्ट होता है कि दोनों में बहुत मैत्री थी ? [3]



Downloaded From www.icseboard.org

## Question 6

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :

उन दिनों एक प्रथा प्रचलित थी। यज्ञ के फल का क्रय-विक्रय हुआ करता था।

*[महायज्ञ का पुरस्कार—यशपाल]*

*[Mahayagya Ka Puraskar—Yashpal]*

(i) क्रय-विक्रय शब्द का अर्थ लिखें। [2]

(ii) यज्ञों के क्रय-विक्रय का क्या आशय है ? [2]

(iii) सेठ जी यज्ञ बेचने कहाँ गये थे और क्यों ? [3]

(iv) सेठानी द्वारा अपना यज्ञ बेचने का सुझाव दिए जाने पर सेठ की क्या प्रतिक्रिया हुई ? [3]

## Question 7

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :

'उस भीड़-भाड़ में अचानक उसकी भेंट अरुणा से हो गई।' 'रूनी कहकर चित्रा भीड़ की उपस्थिति को भूलकर अरुणा के गले लिपट गई'।

*[दो कलाकार—मन्नू भंडारी]*

*[Do Kalakaar—Mannu Bhandari]*

(i) अरुणा और चित्रा कहां पर मिली है और यहां क्यों आई है ? [2]

(ii) अरुणा के साथ कौन खड़े थे? चित्रा के पूछने पर अरुणा ने क्या बताया ? [2]

(iii) अरुणा ने बच्चों से क्या कहा? क्या चित्रा ने उन्हें प्यार किया? [3]

(iv) बच्चों के बारे में अरुणा की बात सुनकर चित्रा क्या सोचने लगी ? [3]

Downloaded From www.icseboard.org

## साहित्य सागर–पद्य भाग

## (SAHITYA SAGAR–POEMS)

**Question 8**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :

धर्मराज यह भूमि किसी की, नहीं क्रित है दासी,
है जन्मता समान परस्पर, इसके सभी निवासी।
सबको मुक्त प्रकाश चाहिए, सबको मुक्त समीरण,
बाधा रहित विकास, मुक्त आशंकाओं से जीवन।

*[स्वर्ग बना सकते हैं—रामधारी सिंह 'दिनकर']*

*[Swarg Bana Sakate Hai—Ramdhari Singh 'Dinkar']*

(i) यह कविता किसने किसको सुनाई है ? [2]

(ii) कवि ने 'मुक्त प्रकाश' और 'मुक्त समीरण' की इच्छा किसके लिए प्रकट की है ? [2]

(iii) कवि ने मातृभूमि के बारे में क्या कहा है ? [3]

(iv) इस धरती पर शांति लाने के लिए क्या आवश्यक है ? [3]

**Question 9**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :

सात समंद की मसि करौं, लेखनी सब बनराय।
सब धरती कागद करौं , हरि गुण लिखा न जाए॥

*['सखी'—कबीरदास]*

*['Sakhi'—Kabirdas]*

(i) ' सात समंद' कहकर कवि क्या स्पष्ट करना चाहते हैं? [2]

(ii) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखें:

मसि, बनराय, कागद, लेखनी। [2]

(iii) 'हरि गुण लिखा ना जाए' - कबीर ने ऐसा क्यों कहा ? [3]

(iv) कबीर दास जी का संक्षिप्त परिचय लिखें। [3]



Downloaded From www.icseboard.org

## Question 10

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :

साईं सब संसार में, मतलब का व्यवहार।
जब लग पैसा गांठ में, तब लग ताको यार॥
तब लग ताको यार, यार संग ही संग डोल।
पैसा रहे ना पास , यार मुख से नहीं बोले।
कह' गिरधर कविराय' जगत यही लेखा भाई।
करत बेगरजी प्रीति, यार बिरला कोई साईं॥

*[ गिरधर की कुंडलियां- गिरिधर कविराय ]*

*(Girdhar ki Kundliyan – Giridhar Kavirai)*

(i) संसार में लोग कैसा व्यवहार करते हैं ? [2]

(ii) लोग मित्र किसे बनाते हैं और क्यों ? [2]

(iii) लोग किन से बातें करना पसंद नहीं करते और क्यों ? [3]

(iv) किस प्रकार के लोग बिरला होते हैं ? समझाइए। [3]

## नया रास्ता–सुषमा अग्रवाल

## (NAYA RAASTA–SUSHMA AGARWAL)

## Question 11

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :

> मीनू के हृदय में हीन भावना के कारण जो दुख के भाव थे, खुशी नें परिवर्तित हो गए। प्रथम श्रेणी में पास होने पर फूली नहीं समाई।

(i) मीनू के हृदय में हीन- भावना ने क्यों स्थान बना लिया था ? [2]

(ii) मीनू को अपने परीक्षा परिणाम की सूचना कहां मिली थी ? [2]

(iii) नीलिमा और मीनू के बीच क्या संबंध थे ? मीनू नीलिमा को किस बात की सूचना देने आई थी और क्यों ? [3]

(iv) मीनू के मन में प्रसन्नता, उदासी और पुन: प्रसन्नता के भाव कब और किस प्रकार जागृत हुए ? [3]



Downloaded From www.icseboard.org

**Question 12**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए:

आशा को देखने के लिए इंजीनियर आलोक, उसके मम्मी- पापा व उसकी बड़ी भाभी आए।

(i) आशा कौन है ? क्या लड़के वालों ने उसे पसंद कर लिया ? [2]

(ii) लड़के वालों को आशा की बड़ी बहन के बारे में क्या बात बताई गई ? [2]

(iii) बुआ ने इस लड़के की बात पहले किसके लिए चलाई थी ? उस लड़की ने क्या कहा ? [3]

(iv) उस लड़की की बात सुनकर पिताजी क्यों दुखी हुए ? समझाइए। [3]

**Question 13**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :

'इतने में नीलिमा के पति सुरेंद्र जी ने कमरे में प्रवेश किया उन्हें देखकर मीनू आश्चर्यचकित रह गई'।

(i) मीनू इस समय कहां पर है ? नीलमा के पति को देखकर वह आश्चर्यचकित क्यों हो गई ? [2]

(ii) क्यों, क्या हुआ नीलिमा को ? मीनू के इस प्रश्न का सुरेंद्र ने क्या उत्तर दिया ? [2]

(iii) यह शुभ समाचार सुनकर मीनू की क्या प्रतिक्रिया हुई ? [3]

(iv) मीनू नीलिमा के घर जाने से पहले क्या तैयारी की ? वहां किसे देखकर मीनू आश्चर्यचकित रह गई ? [3]

## एकांकी संचय

## (EKANKI SANCHAY)

**Question 14**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :

मैं जानती हूं, मेरे ही तो बेटे हैं। माया ममता किसी को छू नहीं गई है। हर बात में देश, धर्म, और कर्तव्य की दुहाई देना उन्होंने सीखा है।

*[संस्कार और भावना—विष्णु प्रभाकर]*

*[Sanskar Aur Bhavna—Vishnu Prabhakar]*



Downloaded From www.icseboard.org

(i) वक्ता अपने बेटों के विषय में क्या जानती है ? [2]

(ii) ' माया ममता किसी को छू नहीं गई है'। इस कथन का क्या आशय है ? [2]

(iii) बेटे हर बात में किस की दुहाई देते हैं और यह उन्होंने किस से सीखा है ? [3]

(iv) अतुल के पिता का चरित्र चित्रण करें। [3]

**Question 15**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :

' मुझे और लज्जित ना करो'। मेरी चोट का इलाज बेटी की ससुराल वालों ने दूसरी चोट से कर दिया है।

*[बहू की विदा—विनोद रस्तोगी]*

*[Bahu Ki Vida—Vinod Rastogi]*

(i) 'मुझेऔर लज्जित ना करो'- किसने कहा ? उस का संक्षिप्त परिचय लिखिए। [2]

(ii) 'मेरी चोट' से क्या आशय है ? उसने ऐसा क्यों कहा ? [2]

(iii) जीवन लाल के मन में पश्चाताप का भाव कब पैदा हुआ ? [3]

(iv) इस अवतरण के आधार पर एकांकी के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए। [3]

**Question 16**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :

ना बेटा, मैं अपने जीते जी यह सब ना होने दूंगा। तुम चिंता ना करो। मैं सबको समझा दूंगा।

*[सूखी डाली- उपेंद्र नाथ' अश्क]*

*(Sookhi Daali – Upendra Nath 'Ashk')*

(i) वट वृक्ष को देखकर दादा जी के मन में कौन- सी कल्पनाएं जाग जाती हैं ? [2]

(ii) दादाजी का मन क्या सोच कर सिहर उठता है ? वे किस चिंता में डूबे हैं ? [2]

(iii) दादा जी कैसे विचारों के व्यक्ति हैं ? उनकी क्या अभिलाषा है ? [3]

(iv) अपनी छोटी बहू के विषय में दादा जी के क्या विचार हैं ? [3]



Downloaded From www.icseboard.org